अमर उजाला 24/08/2025

बैंकिंग पर आधारित छात्रों को दी जानकारी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के छात्रों को सफलता की और मार्गदर्शन करने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान बैंकिंग और फाइनेंस पर आधारित रहा। इस विषय पर एक निजी बैंक के अधिकारी धीरज दीक्षित ने दो घंटे का ऑनलाइन इंटरएक्टिव सत्र लिया, इसमें उन्होंने बैंकों एवं एनबीएफसी में कॅरिअर के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम को कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सराहा और कहा कि छात्रों को सफलता की ओर मार्गदर्शन करना ही कॉलेज का लक्ष्य है। संवाद